तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 26 अक्टूबर 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4 अवैध धान खरीदी को लेकर प्रशासन सख्त, बार्डर पर रहेगी पैनी नजर



## खबर संक्षेप

### बाइक सवार को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, एक की मौत

**रायगढ़।** घरेलू सामान लेकर घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में जहां एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे को इलाज के लिए गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चनेश सारथी निवासी बिलईढ़ोढ़ी ग्राम पंचायत कोट छाल ने कापू थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया की बीती रात करीब 7 बजे उसका चाचा मगन सारथी एवं मामा देवनाराण सारथी दोनो घरेलू काम से सामान लेने कापू आए थे। जहां से सामान लेने के बाद बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। बाइक सवार दोनों जब पत्थलगांवखुर्द भुण्ड़ीबहरी मेन रोड़ किनारे पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चला रहे मगन सारथी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पीछे बैठे देवनारायण को काफी चोट आई है, जिसे कापू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल परिजनों की रिपोर्ट के बाद कापू पुलिस आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार

**रायगढ़।** आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार में शामिल व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कोड़पाली थाना पुसौर में अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब का भंडारण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर आबकारी टीम ने छापेमारी की। जिसमें घनश्याम चौहान के रिहायशी मकान के एक कमरे से 8 लीटर ओडिशा राज्य निर्मित बरगद छाप अवैध महुआ शराब बरामद की गई, जिसका बाजार मूल्य लगभग 1,600 रुपए प्रति लीटर आंका गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक रागिनी पटेल के त्वरित और कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन एवं समन्वित प्रयासों की विशेष भूमिका रही।

### मधुसूदनपल्ली जुआ अड्डा से सात जुआरी गिरफ्तार

**राउरकेला।** शहर के प्लांटसाइट थाना की पुलिस टीम ने शुक्रवार की शाम मधुसूदनपाली क्षेत्र में छापेमारी कर जुआ खेलते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 8050 नकद, पांच मोबाइल फोन और एक ताश की गड्डी बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बाबलू हाताई 45, संतोष प्रधान 46, चारो ओराम 46, कृष्णा हाताई 33, संतोष बहादुर 40, सोनू कुमार साहू 36 और गोपीनाथ साहा 52 के रूप में हुई है। सभी आरोपी मधुसूदनपाली, थाना प्लांटसाइट, जिला सुंदरगढ़ के निवासी हैं। पुलिस जांच में पता चला कि कुछ आरोपी पहले भी इसी तरह के मामलों में लिप्त रहे हैं। बाबलू हाताई चारो ओराम, संतोष बहादुर और सोनू साहू के आपराधिक अभिलेख की जांच की जा रही है, जबकि संतोष प्रधान, कृष्णा हाताई और गोपीनाथ साहा के खिलाफ पूर्व में भी जुआ अधिनियम श्री ओपीजी एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

### इस पानी से स्कीन में आ सकती है समस्या, कभी नहीं होती केलो की पानी की जांच

# छूने लायक भी नहीं केलो का पानी इसमें खड़े होकर अर्घ्य देंगे छठ व्रती





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केलो का जो पानी छूने लायक नहीं है उसमें खड़े होकर छठ के व्रती उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे। केलो के पानी की कभी जांच नहीं होती है। ऐसे में यह पानी लोगों के लिए कितना खतरा है यह तो पता नहीं चलता, लेकिन पानी इतना गंदा है कि छूने से भी लोग डरते हैं। इससे स्कीन में समस्या आ सकती है। इसके बाद भी कई मोहल्ले के लोगों का इसमें निस्तारी होता है। खासकर नीचले मोहल्ले के लोगों का निस्तारी केलो के भरोसे ही चलता है। छठ का महापर्व जिले के कई इलाकों में काफी उत्साह और धूमधाम से मनाते हैं। इसमें मुख्य पूजा छठ घाट में होती है। नहाय खाय के साथ इस पूजा की शुरुआत होती है। इसके बाद छठी व्रती डूबते सूर्य को पहले दिन अर्घ्य देते हैं और दूसरे दिन भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत तोड़ते हैं। इस दौरान पानी में व्रतियों को पानी में खड़े होना पड़ता है। सबसे ज्यादा केलो नदी के छठ घाट समेत अन्य दर्जन भर घाटों में पूजा होती है, लेकिन यहां का पानी इतना गंदा है कि छूने के लायक भी नहीं है। इसके बाद भी व्रती इस पानी में खड़े होकर अर्घ्य देती हैं। डॉक्टरों का मानना है क इस पानी से स्कीन के साथ अन्य समस्या हो सकती है। दूसरी ओर अन्य जगहों पर छठ के दिन जहां व्रती अर्घ्य देते हैं वहां की पानी की जांच होती है, लेकिन यहां ऐसी कुछ व्यवस्था नहीं है। ऐसे में गंदा पानी के भीतर ही खड़े होकर व्रतियों को अर्घ्य देना पड़ता है।

**कई मोहल्ले के लोग करते हैं निस्तारी भी**

#### न निगम लेता है जिम्मेदारी ना एरीगेशन

केलो नदी की पानी की जांच की जिम्मेदारी न तो निगम लेता है और न ही जल संसाधन विभाग के अधिकारी। निगम के जल प्रभारी का कहना है की अब तक छठ के समय कभी केलो की पानी की जांच नहीं की गई है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी जांच करने से इंकार कर रहे हैं। ऐसे में केलो नदी का पानी कितना गंदा है इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है।

#### गटर का मिल रहा पानी

केलो नदी में शहर के कई गटर का पानी मिलता है। इस पानी को साफ करने के लिए एसटीपी का निर्माण तो किया गया, लेकिन इसका कोई मतलब नहीं है। गंदा पानी साफ करने का कोई विकल्प ही नहीं है। ऐसे में लाखों की लागत से बनाए गए एसटीपी बेकार पड़ी है।

# अटल डिजिटल के लिए 35 गांवों में ही बनेगा भवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में बतौर पायलट प्रोजेक्ट चालू किए गए अटल डिजिटल के लिए पहले चरण में केवल 35 भवन ही बनेगा। भवन बनने के बाद इन ग्राम पंचायतों को कंम्प्यूटर सेट भी दिया जाएगा। इसके लिए अलग से एक एक लाख रुपए पंचायतों को दिया जाएगा। भवन बनाने के लिए पांच पांच लाख पहले ही दे दिया गया है। हालांकि जब तक भवन तैयार नहीं हो जाता तब तक कंम्प्यूटर की राशि नहीं मिलेगी।

ग्रामीणों को सभी तरह की ऑनलाइन सुविधा देने के लिए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र चालू किया जा रहा है। यहां ग्रामीणों को करीब 13 तरह की सुविधाएं मिलेगी। जिले में 550 ग्राम पंचायत है और साढ़े नौ सौ के आसपास गांव हैं। इसमें अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए पहले चरण में केवल 218 गांवों का चयन किया गया है। इसमें भी सिर्फ 35 गांवों में भवन के लिए राशि दी गई है। पहले चरण का काम पूरा होने के बाद दूसरे चरण में फिर से 35 गांवों के लिए भवन निर्माण के लिए राशि दी जाएगी। इस तरह से पार्ट पार्ट में पूरा प्रोजेक्ट को पूरा किया जाएगा। अभी ग्राम पंचायतों में यह काम चल रहा है। बाद में जब भवन तैयार हो जाएगा तो उसमें शिफ्ट कर दिया जाएगा।

**खास बात**

- एक-एक लाख मिलेगा कंम्प्यूटर और अन्य सामानों के लिए

#### ग्राम पंचायतों के पास बनेगा भवन

ग्राम पंचायत भवन से लग कर ही अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इसमें ग्राम पंचायतों का अन्य काम भी पूरा किया जाएगा। कुल मिलाकर ऑनलाइन का पूरा काम यहां होगा। इसमें ग्रामीणों को जरुरी सुविधाएं दी जाएगी।

# पचधारी डेम के पास दिखा विशाल अजगर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में ठंड की शुरूआत होते ही अब अजगर सांप का निकलना शुरू हो चुका है। इसी क्रम में सुबह शहर के पंचधारी डेम के पास एक विशालकाय अजगर को पहाड़ से उतरकर नदी की तरफ जाते देखा गया। इस दौरान अजगर को देखने लोगों की भारी भीड़ जुट गई थी। रायगढ़ एनिमल सेवा समिति के सदस्य बताते हैं कि ठंड के दिनों में अजगर और रसेल वाईपर अधिक निकलते है। मिली जानकारी के अनुसार पचधारी डेम के पास नहाने जा रहे लोगों ने देखा कि पहाड़ से नीचे उतरकर तकरीबन साढ़े 4 फीट का एक अजगर केलो नदी की तरफ जा रहा था। इस दौरान विशालकाय अजगर को देखने लोगों की भारी भीड़ जुट गई थी। इस बीच मौके पर मौजूद रायगढ़ एनिमल सेवा समिति के धर्मेन्द्र सिंह राजपूत और उसके साथियों ने लोगों को समझाते हुए अजगर को नदी की तरफ जाने दिया। रायगढ़ एनिमल सेवा समिति सदस्य ने बताया कि रायगढ़ में ठंड की शुरूआत हो चुकी है। ऐसे में इंडियन रॉक पायथन याने अजगर और एशिया का सबसे जहरीला सांप रसल वायपर ग्रामीण इलाको में अधिक निकलते हैं। धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि अजगर कई दिनों तक कुंडली मारकर शिकार के इंतजार में बैठे रहता है और जैसे ही शिकार अजगर के करीब पहुंचता है तब झपेटा मारकर शिकार को दबोच लेता है। धर्मेन्द्र सिंह ने यह भी बताया कि ठंड के दिनों में रसेल वायपर से सावधानी बरतने की जरूरत है, चूंकि ये सांप धान कटाई के समय खेतों में धूप खाने के लिए निकलते हैं।

### एसडीएम के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी भाजयुमो नेता गिरफ्तार

**रायगढ़।** सोशल मीडिया पर एसडीएम के खिलाफ टिप्पणी करने वाले भाजयुमो नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भाजयुमो नेता के खिलाफ पुलिस ने धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार भाजयुमो नेता अजीत गुप्ता अपने फेसबुक अकाउंट से घरघोड़ा एसडीएम के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी। पोस्ट को प्रशासनिक गरिमा के विपरीत मानते हुए पुलिस ने एसडीएम कार्यालय के निर्देश पर कार्रवाई की है। शुक्रवार रात करीब 11 बजे घरघोड़ा पुलिस ने अजीत गुप्ता को एसडीएम कार्यालय में पेश किया, जहां मुलाहिजा के बाद उसे शांति भंग की आशंका के तहत धारा 151 सीआरपीसी में रिमांड पर भेजा गया। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी को लेकर अब सख्त रुख अपनाया गया है। अधिकारियों का कहना है अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि कोई व्यक्ति कानून या मर्यादा की सीमाओं को लांघे।

# राजस्व अमले ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



घरघोड़ा तहसील के ग्राम भालूमार में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए प्रशासन ने कड़ी और त्वरित कार्रवाई की है। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी के निर्देशन में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे को मुक्त कराया। इस कार्रवाई से ग्रामवासियों में हर्ष और संतोष का माहौल है, वहीं ग्रामीणों ने एसडीएम की तत्परता और न्यायप्रियता की खुलकर सराहना की है। दीपावली के पूर्व ग्राम के सरपंच श्रीमती रूपा बाई राठिया, उपसरपंच डोल कृष्ण पटेल, ग्राम पटेल प्रकाश कुमार पंडा, पूर्व उपसरपंच राजेश देवता, पुरुषोत्तम पटेल, ग्राम चौकीदार एवं ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर भालूमार पहन 21 में खसरा क्रमांक 47/1, रकबा 0.518 हेक्टेयर छोटे-बड़े झाड़-जंगल मद में दर्ज शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग की थी।

ग्रामीणों के आवेदन को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने नायब तहसीलदार सहोदर राम पैंकरा को दो दिवस के भीतर जांच करने के निर्देश दिए। जांच दल ने मौके पर निरीक्षण कर पाया कि भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। नोटिस देने के बावजूद कब्जाधारी द्वारा कब्जा नहीं हटाने पर 24 अक्टूबर को प्रशासनिक अमले ने ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अवैध घेराव को जमींदोज कर भूमि को मुक्त कराया।

**खास बात**

- एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी के निर्देश पर राजस्व अमला ने की बड़ी कार्रवाई

#### ग्रामीणों का रास्ता हुआ मुक्त, मिली राहत

विदित हो कि कुछ माह पूर्व ग्राम बजरमुड़ा निवासी श्रीमती निशा पटेल पति कन्हैया पटेल ने भालूमार स्थित सरोज पंडा पिता अर्जुन पंडा से भूमि खरीदी थी। किन्तु उक्त भूमि के पीछे स्थित 15 फीट चौड़ा सार्वजनिक मार्ग तथा उससे सटे शासकीय भूभाग को भी स्थायी तार से घेरकर कब्जा कर लिया गया था, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया था। राजस्व जांच में स्पष्ट हुआ कि उक्त भूमि खसरा नंबर 122/1 में दर्ज शासकीय मद की है, जिस पर कब्जा किया गया था। ग्रामीणों ने कई बार इस विषय पर प्रशासन से न्याय की मांग की थी।

#### प्रशासन की निष्पक्ष कार्रवाई से ग्रामीणों ने जताया आभार

प्रशासन की इस कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई से ग्रामवासियों को राहत मिली है। ग्रामीणों ने युवा एवं संवेदनशील दुर्गा प्रसाद अधिकारी का आभार जताते हुए कहा ऐसे ही अधिकारी प्रशासन में जनता का भरोसा और विश्वास बनाए रखते हैं।

# शिकार के लिए बिछाए करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के जिवरी गांव के पास जंगल में एक महिला की सड़ी-गली लाश मिली है। मृतका की पहचान घसनिन मांझी पति सुनऊ राम 41 निवासी जिवरी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले परिजनों ने महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस और परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। शनिवार को जंगल में लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्राथमिक जांच में सामने आया कि जंगल में कुछ अज्ञात शिकारियों ने जंगली सूअर के शिकार के लिए तार के माध्यम से करंट बिछाया था। उसी करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से बिजली का तार और अन्य शिकार सामग्री जब्त कर लिया है। फिलहाल मर्ग कायम कर शव का पंचनामा किया गया है और पोस्टमार्टम के लिए शव अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

- पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का मामला, जांच मे जुटी पुलिस

### 29 अक्टूबर तक होगा ऑनलाइन पंजीयन

# नवाचार और स्टार्टअप को नई उड़ान देगा आइडियाथॉन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन के तहत जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और नवप्रवर्तकों में नवाचार एवं उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना है।

कार्यशाला का आयोजन डीएसटी. आईटीबीआई, गुरुघासीदास विश्वविद्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष मंद किया गया। कार्यशाला में सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे ने जिले में नवाचार बढ़ाए जाने एवं छत्तीसगढ़ आइडियाथन 2025 में ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रतिभागियों का पंजीयन कराए जाने हेतु शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा तथा जनपद पंचायतों को निर्देशित किया। इस अवसर पर चैतन्य मेहर द्वारा प्रतिभागियों को स्टार्टअप इकोसिस्टम, इन्क्यूबेशन सुविधाएं, सरकारी सहायता एवं योजनाएं के साथ.साथ निवेश के अवसरोंए साधारण विचार को नवाचार और तकनीकी सहायता के माध्यम से सफल व्यवसायिक मॉडल में परिवर्तित किए जा सकने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती अंजू नायक ने पंजीयन के फायदे एवं प्रक्रिया से कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने जिले के युवा, उद्यमी, छात्र-छात्राओं को 29 अक्टूबर तक पंजीयन कराने हेतु आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में उद्योग विभाग के अंतर्गत स्टार्टअप छत्तीसगढ़ द्वारा आइडियाथॉन 2025 स्टार्टअप पिचेस एवं अवार्ड इवेंट लॉच किया गया है।

यह एक राज्यव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों स्टार्टअप और जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों के बीच नवाचार उद्यमिता और समावेशी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। यह छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन राज्य भर में आयोजित किया जाएगा।



बिलासपुर, रविवार, 26 अक्टूबर 2025
haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### संघ के शताब्दी वर्ष पर राउरकेला में होगा पथ संचलन

**राउरकेला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर की तरह राउरकेला महानगर में भी रविवार 26 अक्टूबर को भव्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संघ प्रेमियों और स्वयंसेवकों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पथ संचलन का आरंभ दोपहर 2.45 बजे उदित नगर परेड ग्राउंड से होगा और लगभग 4 बजे वहीं से निकलकर म्यूनिसिपल कॉलेज के सामने से महताब रोड होते हुए पावर हाउस रोड की ओर अग्रसर होगा। इसके बाद मुख्य मार्ग से गुजरते हुए पुनः उदित नगर परेड ग्राउंड में समापन होगा। संघ के नगर कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह आयोजन न केवल संघ के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है, बल्कि समाज में संगठन, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को भी सशक्त करेगा। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में भाग लेंगे। वहीं जो बंधु पथ संचलन में चलने में असमर्थ हैं, उनसे आग्रह किया गया है कि वे मार्ग में खड़े होकर स्वागत और सहयोग के माध्यम से इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनें।

### सुंदरगढ़ में स्क्रब टाइफस का खतरा,10 महीने में 1564 संक्रमित 2 की मौत

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले में स्क्रब टाइफस का प्रकोप स्वास्थ्य तंत्र के लिए चिंता का विषय बन गया है। वर्ष 2025 के शुरुआती दस महीनों में अब तक 1564 लोग संक्रमित हो चुके हैं जबकि दो मरीजों की मौत हो चुकी है। जिले के बड़गांव और राउरकेला क्षेत्र इस बीमारी से सबसे अधिक प्रभावित बताए जा रहे हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 1 जनवरी से 22 अक्टूबर तक कुल 7358 नमूनों की जांच की गई, जिनमें राउरकेला नगर क्षेत्र में 215 संक्रमित और गुरुंडिया ब्लॉक में मात्र 10 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा झारखंड और छत्तीसगढ़ से आए 84 मरीजों तथा झारसुगुड़ा और देवगढ़ जिले के 57 मरीजों में भी संक्रमण की पुष्टि हुई। माहवार संक्रमण के आंकड़े के अनुसार जनवरी में 32, फरवरी में 20 मार्च में 25, अप्रैल में 23, मई में 28, जून में 38, जुलाई में 172, अगस्त में सर्वाधिक 558, सितंबर में 383 और अक्टूबर में 285 मामले सामने आए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार स्क्रब टाइफस एक जीवाणुजनित बीमारी है जो चूहों के शरीर में पाए जाने वाले बैक्टीरिया के माध्यम से मनुष्यों में फैलती है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, त्वचा पर दाने और अंगों में दर्द शामिल हैं। जिला मुख्य चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र महांती ने बताया कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे साफ सफाई बनाए रखें और लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

### बिलाईगढ़ में फल-फूल रहा अवैध महुआ शराब का कारोबार

**बिलाईगढ।** बिलाईगढ़ ब्लॉक में इन दिनों अवैध महुआ शराब का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। क्षेत्र के कई गांवों और आसपास के इलाकों में सुबह से लेकर देर रात तक महुआ शराब की खुली बिक्री हो रही है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि यह धंधा अब सार्वजनिक स्थानों और गलियों में भी खुलेआम चल रहा है, लेकिन आबकारी विभाग की ओर से किसी भी तरह की ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और विभाग की चुप्पी और निष्क्रियता के कारण अवैध शराब कारोबारियों के हौसले दिन ब दिन बढ़ते जा रहे हैं। महुआ शराब की अवैध भट्ठियां कई जगहों पर चल रही हैं। जहां बिना किसी डर जहरीली शराब तैयार कर बिक्री किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह से ही यह धंधा शुरू हो जाता है और देर रात तक शराब की बिक्री की जाती है। नशे में धुत लोग अक्सर झगड़ों, दुर्घटनाओं और घरेलू हिंसा जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। इससे न केवल सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है बल्कि युवाओं में नशे की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है। सामाजिक प्रभाव और बढ़ती समस्याएंः महुआ शराब के सेवन से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं। कई जगहों पर नशे से जुड़ी घटनाएं, घरेलू हिंसा, सड़क हादसे और गांवों में झगड़े आम बात बन चुके हैं। समाज के बुजुर्गों का कहना है कि जहां एक समय गांवों में महुआ पेड़ आजीविका का साधन थे, अब वहीं से जहर बनकर लोगों के जीवन में तबाही मचा रहा है। महिलाओं ने भी प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस अवैध धंधे को रोका जाए क्योंकि उनके परिवारों की आय का बड़ा हिस्सा अब शराब में बर्बाद हो रहा है। कई घरों में आर्थिक तंगी और सामाजिक कलह जैसी स्थितियां पैदा हो चुकी हैं।

### जामिया इस्लामिया हुसैनिया के 19 हाफ़िज़ों को सम्मान

**राउरकेला।** पुराना स्टेशन रोड स्थित मदरसा हुसैनिया में गुरुवार की रात मदरसा जामिया इस्लामिया हुसैनिया द्वारा आयोजित जलसा ए दास्तारबंदी व इस्लाह ए मुआशरा कार्यक्रम में 19 हाफ़िज़ ए कुरान विद्यार्थियों को दास्तार पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मौलाना सैयद असजद मदनी, उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय जमीअत उलमा ए हिंद ने हाफ़िज़ों को कुरान की तालीम पूरी करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि कुरान की शिक्षा केवल धार्मिक ज्ञान नहीं बल्कि सामाजिक सुधार और नैतिक मूल्य स्थापित करने का मार्ग भी है। कार्यक्रम में कई विद्वान उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने समाज में नैतिकता, भाईचारे और इस्लामी मूल्यों के प्रचार प्रसार पर जोर दिया। कार्यक्रम में कुरान पाठ नात ए पाक और दुआ के माध्यम से पूरे माहौल को आध्यात्मिक बनाए रखा। स्थानीय नागरिकों, छात्र एवं अभिभावकों ने हाफ़िज़ों को बधाई दी। जामिया इस्लामिया हुसैनिया ने इस आयोजन के माध्यम से शिक्षा और समाज सुधार के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। यह कार्यक्रम राउरकेला में इस्लामी शिक्षा और सामाजिक सुधार के महत्व को उजागर करने वाला विशेष अवसर साबित हुआ।

### देउलबंध और सती उद्यान तालाब पर श्रद्धालुओं ने दिखाया उत्साह

# नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सूर्यदेव की आराधना और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक महापर्व छठ आज पूरे नगर में श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हो गया।

■ लोकरीति, पौराणिक और वैज्ञानिक महत्व भी रहा उजागर

नहाए-खाए के पहले दिन ही शहर के देउलबंध और सती उद्यान तालाब के घाट श्रद्धालुओं से गूंज उठे। घाट पर लोग पवित्र जल में स्नान करते नजर आए। पर्व की पवित्रता और शुद्धता को ध्यान में रखते हुए देउलबंध और सती उद्यान तालाब की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्थानीय लोग भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। पूजा स्थल और तालाब के आसपास फैले कचरे और जल में उग आए जलीय खरपतवार को हटाकर घाट को पूरी तरह शुद्ध किया गया।



#### धार्मिक और पौराणिक महत्व

छठ महापर्व का उल्लेख ऋग्वेद, विष्णुपुराण, भगवतपुराण और ब्रह्मपुराण में मिलता है। यह पर्व सूर्य उपासना का प्रतीक है और आरोग्य, सौभाग्य और मोक्ष की प्राप्ति का माध्यम माना जाता है। पं. मनोज रमाकांत मिश्र ने बताया कि ऋषि अर्क कुष्ठ रोग से पीड़ित थे। रोग से परेशान ऋषि ने आकाशवाणी के माध्यम से इस व्रत की महिमा जानी और श्रद्धा से पालन करने पर पूरी तरह स्वस्थ हुए। महाभारत काल में कुंती ने और पांडवों के वनवास के दौरान द्रौपदी ने सूर्य उपासना का पालन कर अपने परिवार और समुदाय की मंगलकामना की। रामायण काल में भगवान राम ने लंका विजय के पश्चात अयोध्या लौटकर कार्तिक मास की षष्ठी को सूर्य की उपासना की थी। इसी प्रकार, भगवान कृष्ण के पुत्र शांब और राजा प्रियव्रत ने भी सूर्य की उपासना करके आरोग्य और कल्याण की प्राप्ति की।

#### शहरवासियों का उत्साह

देउलबंध और सती उद्यान तालाब के घाट पर स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु सुबह-सुबह ही पहुंच गए। उन्होंने घाटों को स्वच्छ किया और सूर्य देव की आराधना के लिए पूरी श्रद्धा और भक्ति दिखाई। नगर में छठ महापर्व की इस धूम ने धार्मिक आस्था, सामाजिक सहभागिता और वैज्ञानिक समझ का एक सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

#### कुनकुरी घाट पर युद्धस्तर पर हो रही तैयारियां



कुनकुरी। 25 अक्टूबर से नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का पावन आरंभ हो गया है। पूर्वी भारत की आस्था का सबसे बड़ा पर्व माने जाने वाले छठ की तैयारियों को लेकर कुनकुरी में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। नगर पंचायत प्रशासन ने छठ घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है।

#### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध

छठ पर्व के मद्देनजर नगर पंचायत द्वारा कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पार्षद राजेश ताम्रकार ने बताया कि घाट पर बांस-बल्लियों से सुरक्षा बैरिकेडिंग की जा रही है ताकि जलस्तर के पास जाने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। लाइटिंग की व्यवस्था, शाम और सुबह के अर्घ्य के दौरान बेहतर रोशनी उपलब्ध कराने के लिए की जा रही है। पीने के पानी, मोबाइल शौचालय और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है।

#### नगरवासियों में उत्साह, प्रशासन सतर्क

स्थानीय लोगों में छठ पर्व को लेकर गहरा उत्साह दिख रहा है। वहीं नगर पंचायत प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि घाट पर स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखें। कुनकुरी में छठ पर्व की शुरुआत श्रद्धा, स्वच्छता और सामूहिक सहयोग के साथ हुई है। नगर पंचायत, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से छठ घाटों की तैयारी तेजी से पूरी हो रही है, जिससे श्रद्धालु बिना किसी बाधा के धर्म और आस्था का पर्व मना सकें। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

### एसडीओपी ने किया पत्थलगांव के छठ घाटों का निरीक्षण



**पत्थलगांव।** छठ महापर्व को लेकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीओपी डॉ. ध्रुवेश जायसवाल ने शनिवार को पत्थलगांव के दोनों प्रमुख छठ घाटों पुरन तालाब और प्रेम नगर नाला का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसडीओपी ने घाटों पर सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं पुलिस बल की तैनाती को लेकर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पुलिस जवानों को निर्देश दिए कि संध्या अर्घ्य और सुबह के अर्घ्य के समय किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की जाए और पर्याप्त जवानों की तैनाती की जाए।इस अवसर पर छठ समिति के अध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, नीरज गुप्ता, और संजय तिवारी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। गौरतलब है कि पत्थलगांव में पुरन तालाब और प्रेम नगर नाला में हर वर्ष भारी संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा मनाने आते हैं, जिससे इन दोनों घाटों का विशेष महत्व बन जाता है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। इससे पूर्व विधायक गोमती साय पत्थलगांव नगरपालिका के उपाध्यक्ष अजय बंसल भी छठ घाट का निरीक्षण कर कार्यों की जानकारी ली है।

### एसडीएम ने ली छठ समितियों के सदस्यों की बैठक



जशपुर एसडीएम विश्वास राव मस्के एवं सीएस परमा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जशपुर की उपस्थिति में आज शनिवार को एसडीएम कार्यालय में समिति सदस्यों की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें 25 से 28 अक्टूबर तक जशपुर में होने वाले छठ पूजा के संबंध में घाटों की साफ-सफाई, ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई जिसमें भास्कर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष विद्या भूषण पाठक एवं जयंत सोनी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। भास्कर छठ पूजा समिति द्वारा अवगत कराया गया कि लाईट एवं सीसीटीवी तथा छठ घाट में पूजा पंडाल समीप हेल्प डेस्क हेतु पंडाल की व्यवस्था समिति द्वारा किया जावेगा। ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था पुलिस विभाग द्वारा किया जावेगा। नगर सेना का दल गोताखोर एवं नांव सहित लगातार गस्त करते रहेंगे। एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल टीम छठ घाटों में उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं देंगे। पूजा के दौरान समिति के स्वयं सेवक सतर्कता रखते हुए कार्य में सहयोग करेंगे। विद्युत विभाग को भी निर्देशित किया गया कि छठ घाटों में अनवरक एवं निर्वात विद्युत व्यवस्था बनाये रखें।

## पंचायत-पुलिस ने साइबर जागरुकता के खिलाफ चलाया अभियान

**पुसौर।** थाना प्रभारी रामकिंकर यादव द्वारा ग्राम टपरदा में चलित थाना के बेनर तले साइबर क्राइम से बचने एवं शराब निर्माण एवं उसके सेवन से दूर रहने के लिए कई प्रकार के सुझाव दिए, वहीं यहां के सरपंच दिनेश जांगड़े सहित उनके टीम के लोगों ने नशे के खिलाफ पिछले कई दिनों से एक अभियान चला कर ग्राम वासियों से इसे बंद करने की अपील कर चुके हैं। जिसमें ग्राम के महिलाओं का विशेष सहयोग रहा।




ग्राम टपरदा के बीच बस्ती में आयोजित उक्त कार्यक्रम में यहां के सरपंच दिनेश जांगड़े सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जहां सर्वप्रथम ग्रामवासियों ने मंच में बैठे सरपंच व टीआई एवं साथ में रहे एएसआई विश्वाल का स्वागत किया। इसी बीच सरपंच ने समूचे पुलिस टीम को स्वयं माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंचीय औपचारिकता पुरी होने के बाद सरपंच दिनेश जांगड़े ने उपस्थित जन समुदाय से कहा कि हमारा ग्राम टपरदा शराब निर्माण एवं सेवन को लेकर पिछले कई सालों से सुर्खियों में रहा है। जिसमें लगातार कार्रवाई होने के बाद भी इस पर रोक नहीं लग पाया है। पिछले कई दिनों से शराब न बनाए और इसका सेवन न करें इस तथ्य को लेकर मैने घर घर जाकर निवेदन किया है और आज टीआई साहब के सामने हाथ जोड़ कर पुनः आपसे निवेदन कर रहा हूं कि आप लोग शराब न बनाए और उसका सेवन न करें। एक साल इससे दूर रह कर देंखे देखना घर में कैसे खुशिया दस्तक देगी। इसी कड़ी में टीआई यादव ने उपस्थित लोगों से शराब निर्माण एवं सेवन को लेकर कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाने में चुक तो होती ही है जिसमें दुर्घटना होती है और लोगों के मौत तक हो जाते रहे है। नशे से दूर रहेगे तो परिवार में अच्छा संस्कार स्थापित होगा और आपके बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा।

## खरसिया में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का आयोजन

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने का जिक्र करते हुए छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने कहा वर्ष 2047 के दौरान जब भारत अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा तब तक हमारा देश पूरी तरह आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बन जाए।

विदित हो कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन खरसिया टाउन हॉल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रहलाद रजक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड की मौजूदगी रही। रजक ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत के महायज्ञ में हर कार्यकर्ता को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग कर अपनी आहुति देनी होगी। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लोगों को भी इस दिशा में प्रेरित करना होगा। रक्षा के क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का जिक्र करते हुए कहा आज विश्व स्तर भर भारत निर्मित हथियारों की चर्चा हो रही है। भारत मोबाइल निर्माता बन गया है। जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत महज नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प है। स्थानीय उत्पादन, कृषि, कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देकर ही इस दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। गांव.गांव और घर घर तक इस अभियान को पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है।



## एनएसएस के छात्रों ने सीखा अध्यात्म और साइबर क्राइम से बचने के गुर



**पुसौर।** अभिनव स्कूल का एनएसएस शिविर ग्राम महलोई में पिछले कई दिनों से चल रहा है जहां प्रतिदिन स्वयं सेवकों को कुछ नया जानने, समझने व देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जानकारी के मुताबिक चौथे दिन एनएसएस के जिला संगठक भोजराम पटेल द्वारा प्रेरक उद्बोधन प्रस्तुत किए। जिसमें एनएसएस के उद्देश्य को रामायण महाभारत से जोड़ते हुए स्पष्ट किया। वहीं एनएसएस के देश में स्थापना और उसके इतिहास पर विस्तृत जानकारी मुहैया कराया। इसी कड़ी में चल रहे बौद्धिक चर्चा में वरिष्ठ स्वयं सेवक नवीन दुबे ने कई उद्धरणों के साथ प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए। बौद्धिक चर्चा के दूसरे सोपान में पुसौर थाना के सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर नायक ने आजकल हो रहे साइबर क्राइम को लेकर महत्वपूर्ण टीप्स दिए जिसमें इन्होंने बताया कि बगैर जांच किए किसी भी फोन काल को रिसीव नहीं करना है किसी भी अनजान विडियो को क्लीक नहीं करना है और नहीं किसी मेसेज का जबाब देना है। इसी कड़ी में इन्होंने यातायात के संबंध में बताते हुए कहा कि अवकाश के बाद कुछ छात्र बहुत ही तेज गति से वाहन चलाते हुए अपने घर जाते रहते है जिसमें ज्यादातर तीन सवारी भी रहते हैं ।

## एनआईटी राउरकेला में शुरू हुआ सर्वभारतीय अंतर एनआईटी खेल महोत्सव

**राउरकेला।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी राउरकेला में शुक्रवार से सर्वभारतीय अंतर एनआईटी वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। देशभर के 26 एनआईटी और भारतीय इंजीनियरिंग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान शिवपुर से आए करीब 1200 छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन समारोह में एनआईटी राउरकेला के निदेशक प्रोफेसर के. उमामहेश्वर राव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनआईटी संस्थान आपसी भाईचारा एकता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के प्रतीक हैं।

प्रतिभागी खेल को निष्ठा और खेल भावना के साथ खेलें, फिटनेस बनाए रखें और इस महोत्सव को मित्रता और यादों के उत्सव के रूप में यादगार बनाएं। कार्यक्रम में एनआईटी कालीकट के पर्यवेक्षक धनेश रामवेथ, डीन प्रो. निरंजन पांडा, कुलसचिव प्रो. रोहन धीमान, छात्र गतिविधि केंद्र के अध्यक्ष प्रो. राजीव पांडा, खेल समिति के उपाध्यक्ष प्रो. मोहम्मद खालिद गुल, तथा प्रो. आदित्य कुमार दास और सी आलागसेन भी उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। तीन दिवसीय इस महोत्सव में प्रतिभागी वॉलीबॉल, तैराकी स्विमिंग और खो खो जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी स्पर्धाएँ पीटी उषा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, स्विमिंग पूल कॉम्प्लेक्स और सचिन तेंदुलकर स्टेडियम के पास स्थित खो खो मैदान में आयोजित की जा रही हैं। रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ आरंभ हुआ यह आयोजन न केवल खेल प्रतिस्पर्धा का प्रतीक है, बल्कि विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थियों के बीच संवाद, सांस्कृतिक आदान प्रदान और एकता का भी उत्सव बन गया है।

## डॉ. राजकुमार बने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक

**राउरकेला।** समाजसेवी एवं ओडिशा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव को पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए घोषित स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। इस निर्णय के साथ पार्टी नेतृत्व ने डॉ. यादव पर पूर्ण विश्वास जताते हुए कहा है कि वे बिहार में पार्टी संगठन के विस्तार और जनसंपर्क अभियान को सशक्त दिशा प्रदान करेंगे। डॉ. यादव लंबे समय से छात्र, युवा और श्रमिक वर्ग के मुद्दों पर सक्रिय रहते आए हैं। सड़क सुरक्षा, भ्रष्टाचार विरोधी नीति, श्रमिक कल्याण और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बिहार चुनाव में उनकी जनसंपर्क क्षमता, संगठनात्मक पकड़ और सशक्त वक्तृत्व शैली पार्टी को नई गति प्रदान करेगी। डॉ. यादव ने अपनी नियुक्ति पर कहा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद प्रफुल पटेल ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसके लिए मैं आभारी हूँ। बिहार की जनता तक पार्टी की नीति, न्याय और विकास का संदेश पहुँचाना मेरा संकल्प है। सूत्रों के मुताबिक, डॉ. यादव जल्द ही बिहार के विभिन्न जिलों में जनसभाओं और प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे।



### एडवांस लाइफ सपोर्ट सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों के लिए जीवन रक्षक

# सड़क दुर्घटना में घायलों को मिली एलएस एंबुलेंस की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कुनकुरीवासियों को उपलब्ध कराया गया एएलएस (एडवांस लाइफ सपोर्ट) एंबुलेंस सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले पीड़ितों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रहा है।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस एंबुलेंस में गंभीर रूप से घायल हुए मरीजों को सुरक्षित तरीके से अस्पताल पहुंचने में सहायता मिल रही है। गुरूवार की शाम लगभग पौने 7 बजे कुनकुरी के सलियाटोली के पास दो बाइक के मध्य हुई सीधी भिड़ंत में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही संजीवनी एंबुलेंस के जिला प्रबंधक दीपक साहू स्वयं एएलएस और एक संजीवनी एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए राजेश गुप्ता को एएलएस एंबुलेंस मे लाईफ स्पोर्ट सिस्टम की सहायता से अस्पताल तक पहुंचाया गया। वहीं समान्य रूप से घायल बाइक चालक को संजीवनी एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया। घायलों के परीक्षण व प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल राजेश गुप्ता को बेहतर उपचार के लिए रांची रेफर कर दिया है। वहीं दूसरे घायल का उपचार हालीक्रास अस्पताल में जारी है।



#### ट्रामा वैन से एडवांस है एएलएस एंबुलेंस

संजीवनी एंबुलेंस सेवा के जिला प्रबंधक दीपक साहू ने बताया कि एएलएस (एडवांस लाइफ सपोर्ट) एंबुलेंस एक तरह से चलता हुआ आईसीयू है। उन्होनें बताया कि इस एंबुलेंस में कार्डियक मानिटर लगा होता है। इसमें मरीज के हार्ट बीट और प्लस रेट की निगरानी की जाती है। इसके साथ ही डी फबुलेटर की सुविधा भी इसमें दी गई है। इस मेडिकल इक्यूपमेंट का उपयोग गंभीर मरीज की जान बचाने झटका देने के लिए किया जाता है। आईसीयू की तरह इन्फ्यूजन पंप की सुविधा भी है। इसका उपयोग घायल मरीज को अस्पताल पहुंचने तक विशिष्ट रूप से दवा देने के लिए किया जाता है। जिले में अगस्त 2024 से दो एएलएस एंबुलेंस घायलों की जान बचाने के लिए सेवा दे रही है। स्वास्थ्य विभाग ने एक एएलएस एंबुलेंस कुनकुरी और एक जशपुर के जिला चिकित्सालय में तैनात किया है।

## राउरकेला में साइबर सेफ्टी कैम्पेन का आयोजन



**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस जिला की ओर से शनिवार को साइबर सेफ्टी कैम्पेन 2025 का उद्घाटन समारोह सिविक सेंटर, राउरकेला में आयोजित किया गया। संदेश के साथ इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ राउरकेला के पुलिस अधीक्षक एसपी नितेश वाध वानी की उपस्थिति में डीआईजी बृजेश राय ने किया गया। उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। डीआईजी व एसपी ने यहां लोगों को साइबर सुरक्षा के मंत्र दिये और कहा की एक सुरक्षित डिजिटल ओडिशा के लिए हम सब एकजुट हों स्मज ने नदपजम वित नारे के साथ यह अभियान पूरे जिले में वर्षभर चलेगा, जिसके अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों में भी साइबर सुरक्षा पर कार्यशालाएँ आयोजित की जाएंगी।



# सनी की 2026 में रिलीज होंगी कई धमाकेदार फिल्में

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के एक्शन हीरो सनी देओल के फैंस के लिए साल 2025 बहुत खास रहा। इस साल उनकी फिल्म 'जाट' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। 'जाट' को दर्शकों ने बहुत पसंद किया और यह 2025 की हिट फिल्मों में से एक बनी। हमेशा से ही सनी देओल की दमदार एक्टिंग, डायलॉग्स और एक्शन सींस ने सबको प्रभावित किया। इस सफलता से सनी देओल का कॅरियर फिर से चमक उठा, जैसे उनकी पुरानी हिट फिल्में 'गदर' और 'बॉर्डर' की याद आ गई। लेकिन, असली मजा तो 2026 में आने वाला है। सनी देओल की कई बड़ी फिल्में गबरू, बॉर्डर 2, लाहौर 1947 और रामायण पार्ट 1 साल 2026 में रिलीज होने वाली हैं, जो फैंस को एक्शन, ड्रामा और इमोशन का पूरा पैकेज देंगी।

लाइफ Style

# तापसी
## डोसा खाते हुए पढ़ी अपनी अफवाह



सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से अभिनेत्री तापसी पन्नू को लेकर खबर आ रही थी कि वो भारत छोड़कर पति के साथ डेनमार्क में शिफ्ट हो गई हैं। कहा जा रहा था कि उन्होंने भारत छोड़कर अपने पति और बैडमिंटन खिलाड़ी मैथियास बोए के साथ डेनमार्क में स्थायी रूप से बसने का फैसला कर लिया है। लेकिन, अब खुद तापसी ने इन खबरों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है। तापसी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साफ किया कि उनका ऐसा कोई प्लान नहीं है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा- 'क्या इससे कम झूठी और कम सनसनीखेज हेडलाइन नहीं मिल सकती थी? जरा रिसर्च कर लिया करो, इतनी जल्दी क्या है!'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तापसी ने फेक रूमर्स फैलाने वालों को आड़े हाथों लिया और फैंस को बताया कि वो मुंबई में हैं। तापसी ने पोस्ट में साफ किया कि वह फिलहाल मुंबई में अपने घर पर हैं। उन्होंने मजाकिया लहजे में लिखा- 'इस उमस भरी मुंबई की सुबह में डोसा खाते हुए सोच रही हूं कि ये सब आखिर है क्या!' उनकी यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और फैन्स ने भी इस पर जमकर रिएक्शन देना शुरू कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में तापसी ने अपने डेनमार्क वाले घर के बारे में भी खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने घर में भारतीय पारिवारिक परंपरा को जिंदा रखा है। उन्होंने कहा था, 'मैथियास के माता-पिता हमारे साथ ही रहते हैं, उनका अपना फ्लोर है। डेनिश संस्कृति में ये आम बात नहीं है, लेकिन मुझे लगा कि परिवार के साथ रहना ही घर को घर बनाता है।' तापसी ने आगे बताया कि वह काम के हिसाब से भारत और डेनमार्क के बीच समय बांटती हैं- 'ज़्यादातर शूटिंग्स सर्दियों में होती हैं, इसलिए मैं उस वक्त भारत में रहती हूं। जब भारत में गर्मी या बारिश होती है, तब हम डेनमार्क चले जाते हैं। इस तरह दोनों देशों के मौसम और काम के बीच तालमेल बन जाता है।' काम के मोर्चे पर तापसी जल्द ही 'गांधारी में दिखाई देंगी, जो एक इंटेंस रिवेंज ड्रामा है।

हॉलीवुड मसाला



## 9-1-1: नैशविले में आई थीं नजर

**नई दिल्ली।** '9-1-1: नैशविले' फेम एक्ट्रेस इसाबेल टेट का 23 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके अचानक निधन से हॉलीवुड और उनके फैंस में शोक की लहर दौड़ गई है। इसाबेल टेट ने 19 अक्टूबर को अपने घर में अंतिम सांस ली। उनकी टैलेंट एजेंसी मैक्रे एजेंसी ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की है। इसाबेल टेट की मौत का कारण शार्कोट-मैरी-टूथ रोग से जुड़ी जटिलताओं को बताया गया है। यह एक रेयर न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है जो मांसपेशियों को कंट्रोल करने वाली नसों को अफेक्ट करती है। इसाबेल को यह न्यूरोमस्कुलर बीमारी मात्र 13 साल की उम्र में पता चली थी। इस बीमारी के कारण धीरे-धीरे उनकी टांगों की मांसपेशियां कमजोर होती गईं।



## स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5 का फाइनल एपिसोड जल्द होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के सीजन 5 की रिलीज का हर एक प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है। तो 'स्ट्रेंजर थिंग्स' को चाहने वाले सभी फैंस का इंतजार हुआ खत्म, क्योंकि जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है 'स्ट्रेंजर थिंग्स'। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का बहुप्रतीक्षित पांचवां और फाइनल सीजन अगले महीने रिलीज होगा। प्रशंसक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीजन का आखिरी एपिसोड, जिसका नाम 'द राइटसाइड अप' है, लगभग दो घंटे लंबा होगा। यह एपिसोड 1 जनवरी, 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के साथ-साथ 350 से ज्यादा सिनेमाघरों में भी दिखाया जाएगा। सिनेमाघरों की लिस्ट अभी घोषित नहीं की गई है। यह शो छह बच्चों की कहानी पर आधारित है, जो हॉकिन्स शहर और पूरी दुनिया को बचाने के लिए वेक्ना नामक खतरनाक दुश्मन से लड़ते हैं। 2022 में, शो के निर्माता ने सोशल मीडिया के जरिए घोषणा की थी कि पांचवां सीजन शो का आखिरी सीजन होगा। उन्होंने बताया, 'सात साल पहले हमने इस कहानी की पूरी योजना बनाई थी। हमें लगा था कि यह चार या पांच सीजन में पूरी होगी।



## आमिर को अभिनव ने बताया चालाक लोमड़ी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में विवादों के साथ आजकल फिल्ममेकर अभिनव कश्यप का नाम खूब जुड़ रहा है। आमिर खान के साथ अभिनव कश्यप ने एक ऐड फिल्म में साथ काम किया था। जब अभिनव से आमिर के साथ काम किए जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कुछ ऐसा कहा कि हर तरफ अफरा तफरी मच गई। अभिनव ने आमिर को लेकर कहा है कि, वो मैनिपुलेटिव और कंट्रोलिंग हैं। अभिनव कश्यप का कहना है कि भले ही आमिर खान को बॉलीवुड का मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहा जाता हो, लेकिन उनके साथ काम करना आसान नहीं है। आमिर को लेकर अभिनव ने कहा, 'वो सबसे चालाक लोमड़ी है बटला। वो सलमान से भी छोटा है हाइट में, लेकिन क्या मैनिपुलेटिव आदमी है और तो और वो सबसे शातिर चोर है। मैंने आमिर के साथ 2-3 विज्ञापन किए हैं।



## स्पिरिट के ऑडियो टीजर में चला आवाज का जादू

**मुंबई।** एनिमल के बाद संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बन रही फिल्म स्पिरिट का इंतजार हो रहा है। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आ रहे हैं। अब प्रभास के जन्मदिन के मौके पर फिल्म का पहला ऑडियो टीज़र रिलीज किया गया है। एक्टर की आवाज भर सुनकर फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। ऑडियो में एक कैदी की बात होती और फिर प्रभास की दमदार आवाज हैरान कर देती है। फिल्म की पहली झलक का इंतजार बढ़ गया है। संदीप रेड्डी वांगा ने कबीर सिंह और एनिमल जैसी सुपरहिट फिल्में डायरेक्ट की हैं, इस बार प्रभास के साथ एक साउंड स्टोरी लेकर आए हैं। एक मिनट के ऑडियो टीज़र में जेलर और उसका असिस्टेंट एक एक्स-कॉप से पूछताछ करते सुनाई देते हैं। इसी दौरान प्रभास की भारी और दमदार आवाज़ सुनाई देती है, सर बचपन से मेरी एक बुरी आदत रही है।

टीवी मसाला



## 1 करोड़ के सवाल का दिया गलत जवाब बिग बी बोले-आज हमको नींद नहीं आएगी

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 23 अक्टूबर की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट रचित के साथ हुई। वे शानदार खेल दिखाकर 1 करोड़ रुपए के सवाल तक पहुंचे, लेकिन जवाब पर संशय होने के बावजूद खेल खेला। वे 1 करोड़ रुपए का गलत जवाब देकर सीधा 5 लाख रुपए के अमाउंट पर पहुंचे, तो अमिताभ बच्चन ने आखिर में कहा, 'आज हमको नींद नहीं आएगी। कंटेस्टेंट से अमिताभ बच्चन ने जो 50 लाख का सवाल पूछा था, वह केमिस्ट्री से जुड़ा था। सवाल है- 'इनमें से किस खनिज का नाम फ्रांस के एक गांव के नाम पर पड़ा है, जहां यह पहली बार खोजा गया था?' विकल्प हैं- अ. मैग्नेटाइट, ब. एप्समाइट, स. बॉक्साइट, द. डैन्बराइट। उन्होंने विकल्प स. बॉक्साइट को लॉक करने को कहा, जो सही साबित हुआ। उन्होंने 1 करोड़ रुपए के सवाल का सामना किया। सवाल है- अब तक का सबसे गहरा पानी के अंदर बचाव 1973 में हुआ था, जिसमें लगभग आधा किलोमीटर पानी के भीतर किस पनडुब्बी में फंसे दो लोगों को बचाया गया था? विकल्प हैं- अ. कोन्सुल, ब. पाइसेस 3, स. डीएसबी-2 एल्विन, द. नेप्च्यून 4। कंटेस्टेंट ने 1 करोड़ के सवाल पर लाइफ लाइन 50-50 का इस्तेमाल किया। दो गलत जवाब हटा दिए गए और ब. पाइसेस 3 और द. नेप्च्यून 4 रहने दिए। काफी सोचने-विचारने के बाद कंटेस्टेंट रचित ने विकल्प डी. नेप्च्यून को चुना, तो उनकी पत्नी हैरान रह गईं। अमिताभ बच्चन ने उनसे कहा, 'मान्यवर अगर आप क्विट कर जाते तो अच्छा होता, यह गलत उत्तर है।

## बिग बॉस 19 : मृदुल बने घर के नए कैप्टन

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में आए दिन रोमांच बढ़ता जा रहा है। अब प्रतियोगियों को नेहल के बाद एक नया कैप्टन मिल गया है। ये देखना दिलचस्प होगा कि ये नया कैप्टन घरवालों के लिए कैसा साबित होता है। बिग बॉस 19 में इस समय नए कैप्टन को लेकर जंग हो रही है। आए दिन नए-नए टास्क दिए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मृदुल तिवारी अब घर के नए कैप्टन बन गए हैं। यानी कि प्रतियोगियों की कमान अब मृदुल के हाथ में होगी। इस खबर के सामने आते ही यूजर्स की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने कहा, 'तथाकथित सकारात्मक समूह ने गौरव खन्ना को वोट नहीं दिया, 'बसीर और अमाल ने एक दूसरे को वोट दिया, लेकिन अमाल बसीर को दोस्त बताकर ही कहानी फैलाई गई।' वहीं दूसरे यूजर ने कहा कि मृदुल क्यों। इसके अलावा अन्य यूजर्स भी इस फैसले से हैरान हैं।



## ओटीटी पर थ्रिलर-सस्पेंस और पौराणिक कहानियों ने दी दस्तक

**मुंबई।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन का बड़ा धमाका देखने को मिलेगा। इस वीकेंड दर्शकों के लिए ऐसी कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज हो रही हैं, जो हर स्वाद के दर्शकों के लिए कुछ खास लेकर आई हैं- चाहे वो रोमांस पसंद करने वाले हों, या पौराणिक कथाओं के दीवाने। इस हफ्ते नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और जी5 जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स पर कई चर्चित रिलीज एक साथ टकरा रही हैं।

### दे कॉल हिम ओजी

तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण की एक्शन थ्रिलर 'दे कॉल हिम ओजी' इस हफ्ते नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म में इमरान हाशमी और प्रियंका मोहन भी अहम किरदार निभा रहे हैं। कहानी ओजस गम्भीरा नाम के पूर्व गैंगस्टर की है, जो दस साल बाद मुंबई लौटता है अपने पुराने दोस्त से बदला लेने। डायरेक्टर सुजीत ने फिल्म को एक स्टाइलिश एक्शन टच दिया है, जिसमें दोस्ती, धोखा और बदले की एक मजबूत कहानी बुनी गई है।



### परम सुंदरी

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी' अमेजन प्राइम वीडियो पर 24 अक्टूबर को रिलीज हो चुकी है। यह एक हल्की-फुल्की रोमांटिक ड्रामा फिल्म है जो उत्तर भारत के एक बिजनेसमैन और केरल की एक महिला की कहानी दिखाती है। दोनों की संस्कृतियों, सोच और जीवनशैली के टकराव में पनपता प्यार दर्शकों को भावनाओं के साथ खूब हंसी भी देगा।

### महाभारतः एक धर्मयुद्ध

जियोहॉटस्टार पर आने वाली 'महाभारतः एक धर्मयुद्ध' को भारत की पहली एआई-जनरेटेड सीरीज कहा जा रहा है। बिना किसी लाइव कास्ट के बनाई गई इस एनिमेटेड सीरीज में कुरुक्षेत्र के युद्ध को एक नए दृष्टिकोण से दिखाया गया है। इसमें युद्ध के बाद के परिणामों और पात्रों की मानसिक स्थिति को भी गहराई से दिखाया गया है। यह सीरीज जियोहॉटस्टार पर 25 अक्टूबर 2025 से स्ट्रीमिंग शुरू होगी।

### कुरुक्षेत्र पार्ट 2

नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही 'कुरुक्षेत्र पार्ट 2' एनिमेशन और पौराणिक कथाओं का शानदार संगम है। इसे अनु सिक्का ने बनाया है। इस सीरीज में 18 योद्धाओं की नजरों से युद्ध की कहानी कही गई है — अर्जुन की उलझन, भीष्म की विवेकशीलता, और द्रौपदी का साहस। यह सीरीज दर्शकों को महाभारत के भावनात्मक पहलुओं से जोड़ती है। यह सीरीज आज यानी 24 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

## ये खलनायक 61 बार बना था नारद मुनि

**नई दिल्ली।** जरूरी नहीं कलाकार लीड रोल में ही चमके, कुछ चंद स्क्रीन टाइम में भी अपनी अलग छाप छोड़ ही देते हैं। एक्टर जीवन भी उन्हीं चुनिंदा बेहतरीन कलाकारों में थे जो अपने छोटे से रोल में भी जान डाल देते थे। जीवन का असली नाम ओमकार नाथ धर था। इंडस्ट्री में आने के बाद उन्होंने अपना नाम जीवन कर लिया था। कश्मीर के एक अमीर परिवार से ताल्लुक रखने वाले अभिनेता जीवन बचपन से ही अभिनेता बनना चाहते थे, लेकिन उस दौर में अभिनय को कोई अच्छा पेशा नहीं माना जाता था। मगर वह अपने सपनों के लिए अडिग थे। ऐसे में उन्होंने अभिनय की राह चुनने के लिए 18 साल की उम्र में घर से भागकर मुंबई आने का फैसला किया।



### बेटे भी अभिनय में हैं एकदम आगे

जीवन की तरह उनके बेटे ने भी बॉलीवुड में नाम किया है। जीवन के बेटे किरण कुमार हैं जिन्होंने साल 1960 में लव इन शिमला से अपना करियर शुरू किया था। वह रईस, कुलवधू, तेजाब, सीआईडी, पत्थर के फूल, खुदा गवाह, विश्वात्मा, अधर्म, धड़कन, क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता, मोक्ष जैसी फिल्मों में काम किया है। आखिरी बार उन्हें बॉलीवुड मूवी खेल खेल में देखा गया था।

### 200 से ज्यादा फिल्मों में किए काम

जब जीवन मुंबई आए, तब उन्होंने मोहन सिन्हा के स्टूडियो में रिफ्लेक्टर ब्वॉय का काम किया था। यहीं से उन्हें अपनी पहली फिल्म मिली। उनकी पहली फिल्म फैशनेबल इंडिया है। आपको जानकर हैरानी होगी कि 200 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके जीवन ने सिर्फ 61 फिल्मों में नारद मुनि का किरदार निभाया था। साल 1950 में त्रिलोक कपूर और निरुपा रॉय स्टारर हर हर महादेव में नारद मुनी के रूप में जीवन पॉपुलर हो गए थे। नारद मुनि के अलावा वह खलनायक के रूप में भी कामयाब रहे। उन्होंने अमर अकबर एंथनी, धरम वीर, मेला, अफसाना, आबरू, हीर रांझा, धर्मात्मा, लावारिस जैसी फिल्मों में काम किया।

## पीयूष ने रचनात्मकता, सरलता और भारतीयता के रंगों से गढ़ी नई परिभाषा

# हमारा बजाज से लेकर फेविकोल के जोड़ तक, यूं बदला एड जगत का चेहरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'शरमा के दुल्हन जो ब्याह के आई..', पीयूष पांडे का वो एड जिसके अमिताभ भी थे कायल। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने साल 2019 में पीयूष पांडे के काम की सराहना करते हुए एक्स पर पोस्ट किया था। ऐसे ही कई यादगार एड के लिए पीयूष को जाना जाता था। पीयूष अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने अपनी रचनात्मकता, सरलता और भारतीयता के रंगों से नई परिभाषा गढ़ी।

### कौन थे पीयूष पांडे?

जयपुर में 1955 में जन्मे पीयूष पांडे नौ भाई-बहनों में से एक थे। उनके परिवार में कला और सृजन की परंपरा रही। बहन ईला अरुण ने गायकी और अभिनय में नाम कमाया, तो भाई प्रसून पांडे ने निर्देशन की दुनिया में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में भी हिस्सा लिया था। क्रिकेटर, चाय बागान में कामगार और मजदूर के रूप में जीवन के अलग-अलग रंग देखने के बाद उन्होंने 27 साल की उम्र में विज्ञापन जगत में कदम रखा। तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह युवक एक दिन भारतीय एड वर्ल्ड का चेहरा बन जाएगा। उनकी शादी नीता पांडे से हुई।

### मिले सुर मेरा तुम्हारा राष्ट्रीय एकता का स्वर

विज्ञापन से परे, उन्होंने ऐसे अभियानों में भी अहम भूमिका निभाई जो भारत की एकता और विविधता को दर्शाते हैं। 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' उनके दिल के बेहद करीब था। यह गीत केवल एक कैम्पेन नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव था जिसने भारत को एक सूत्र में बांध दिया।



### राजनीति और प्रचार की नई भाषा

2014 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने भारतीय राजनीति में भी विज्ञापन की नई भाषा दी- 'अबकी बार, मोदी सरकार।' यह नारा उस दौर का सबसे चर्चित राजनीतिक स्लोगन बना, जिसने चुनावी अभियानों की दिशा ही बदल दी। पीयूष पांडे ने साबित किया कि विज्ञापन सिर्फ उत्पादों को नहीं, विचारों को भी जन-जन तक पहुंचा सकता है।

### भारतीयता की छाप

पीयूष पांडे की खासियत थी कि उन्होंने भारतीय उपभोक्ताओं की भावनाओं को बेहद सादगी से पकड़ा। फेविकोल का 'अटूट बंधन' हो या कैडबरी का 'कुछ खास है', एशियन पेंट्स का 'हर खुशी में रंग लाए' हो या हच का प्यारा 'गुगली वूगली वूस', हर विज्ञापन में उन्होंने देसी मिट्टी की खुशबू डाली। यही कारण है कि उनके कैंपेन सिर्फ विज्ञापन नहीं, बल्कि संस्कृति के प्रतीक बन गए।

### सम्मान और उपलब्धियां

उनके योगदान को अनेक पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्हें पद्मश्री (2016), क्लियो लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2012), एडवर्टाइजिंग एजेंसिज एसोसिएशन ऑफ इंडिया लाइफटाइम अचीवमेंट (2010), एलआईए लीजेंड अवार्ड (2024) जैसे अवॉर्ड्स मिले हैं। इसके अलावा, उन्होंने अपनी रचनात्मक यात्रा और अनुभवों को 'पांडेमोनियम' नाम की पुस्तक में शब्दों का रूप दिया, जो विज्ञापन जगत के छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसके अलावा उन्होंने साल 2022 में 'ओपन हाउस विद पीयूष पांडे' नाम से भी एक पुस्तक लिखी थी।

### अमिताभ ने की थी तारीफ

साल 2019 में बिग बी ने पीयूष के फेविकॉल वाले एड की तारीफ करते हुए एक्स पर पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था- 'पांडे ब्रदर्स की शानदार सोच पीयूष और प्रसून... बहुत बढ़िया पीयूष जी बिल्कुल मौलिक और दिल को छू जाने वाला...कोई आश्चर्य नहीं कि आप वर्ल्ड चैंपियन हैं !!'

## खबर संक्षेप

### आंबा कार्यकर्ता ट्रेनिंग पर उठ रहे सवाल

**पुसौर।** पुसौर परियोजना क्षेत्र के 260 आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत कार्यकर्ताओं का पिछले कई दिनों से प्रशिक्षण चल रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम पुसौर के भाठिया कालोनी के किसी भवन में तथा गढ़उमरिया के किसी स्थान में होना बताया जा रहा है जहां 2 भाग में चयनित कार्यकर्ता प्रशिक्षण ले रहे हैं। जानकारी के मुताबिक यह प्रशिक्षण किसी अशासकीय संस्था के बेनर तले हो रहा है। जिसका सारा व्यय एवं व्यवस्था इसके द्वारा किया गया है। जानकारों की माने तो उक्त प्रशिक्षण शासन स्तर पर नहीं है चूंकि शासन स्तर पर होता तो यह वृहद रूप से प्रदेश अथवा जिला स्तर पर होता। इस संबंध में पुसौर परियोजना अधिकारी से बातचीत की गई जिसमें इन्होंने अनभिज्ञता जताया।

### स्वास्थ्य शिविर में 515 ग्रामीणों को मिला लाभ

**रायगढ़।** आयुर्वेद औषधालय बुनगा के तत्वाधान में डॉ अजय नायक के नेतृत्व में हर महीने स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जन जन तक पहुँचाना है। छग शासन की मंशा यही है कि प्रत्येक व्यक्ति निरोगी रहे, सुखमय जीवन व्यतीत करें। जिसके लिए शासन विभिन्न प्रकार के योजनाएं चला रही है। बुनगा क्षेत्र में सतत स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविरो से गांव के महिलाए वृद्ध एवं असक्षम लोग लाभ उठा रहे हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सिर्फ उपचार ही नहीं अपितु स्वस्थ जीवन जीने के राह प्रसस्त करता है। औषधि सेवन के साथ साथ परहेज भी जरूरी है तभी रोग का समुचित शमन होता है। डॉ जागृति पटेल आयुष चिकित्सक द्वारा शिविरों मे उच्चरक्त चाप एवं मधुमेह से बचाव, स्वस्थ जीवन शैली, योगसान, वातरोग, जरारोग, दिनचर्या, ऋतुचर्या के पंपलेट वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया।

### कॉलेज में चलाया गया सफाई अभियान

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छ संकल्प अभियान 15 अक्टूबर से 19 नवंबर के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में नियमित गतिविधि के रूप में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर की साफ सफाई की गई तथा गीला एवं सूखा कचरा प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत दोनों प्रकार के कचरे के लिए पृथक पृथक डस्टबिन की व्यवस्था की गई। यह गतिविधि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र, कार्यक्रम अधिकारी तुलेश्वर सिंह ध्रुव, भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक उमाशंकर भारद्वाज, अतिथि व्याख्याता डॉ. सुमन लता तथा दीपक कुर्रे उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन का नियमित हिस्सा होना चाहिए। विद्यार्थियों में इस भावना का विकास आवश्यक है।

### शिकायत मिलने पर संबंधितों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

# अवैध धान खरीदी को लेकर प्रशासन सख्त, बार्डर पर रहेगी पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन की पारदर्शी एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में दो पालियों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान धान उपार्जन नीति, व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर, तुंहर टोकन, उड़नदस्ता दल गठन, चेक पोस्ट सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्था से जुड़ी नीतियों, प्रक्रियाओं एवं दिशा निर्देशों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्री साय की मंशानुरूप धान खरीदी प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। सभी अधिकारी इस प्रशिक्षण को गंभीरता से ले, ताकि शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और धान खरीदी कार्य को बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपादित करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खरीदी व्यवस्था समयबद्ध, पारदर्शी और किसानों के लिए पूरी तरह सुविधाजनक हो।




प्रशिक्षण में जिले के सभी संबंधित अधिकारी एवं धान खरीदी से जुड़े विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सभी उपार्जन केन्द्रों में निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि इंटरस्टेट बार्डर, कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखा जाए, ताकि उपार्जन केंद्रों में किसी भी प्रकार से धान की अवैध बिक्री न किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधितो के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं धान खरीदी के नोडल अधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने बताया कि एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन कार्य जारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के कोई भी पात्र किसान समर्थन मूल्य पर धान विक्रय से वंचित नहीं होना चाहिए। शत प्रतिशत कृषकों का निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीयन पूर्ण करें।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे, अपर कलेक्टर रवि राही सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक, कृषि विकास अधिकारी एवं मंडी सचिव उपस्थित रहे। खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने जानकारी दी कि किसानों से धान की नगद व लिंकिंग में खरीदी 15 नवम्बर से शुरू होगी, जो 31 जनवरी 2026 तक की जाएगी। इस वर्ष भी किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ लिंकिंग सहित निर्धारित की गई। इस वर्ष जिले के 69 समितियों के 105 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। रायगढ़ जिले में 10 स्थानों पर अंतराज्जीय चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहाँ से अवैध धान के आवाजाही पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए चार टीमों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। ऐग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत किसानों से भारत सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप धान की खरीदी की जाएगी। कृषकों की ऋण पुस्तिका के आधार पर पोर्टल आईडी से खरीदी की जाएगी, जिससे किसानों को उपार्जन केन्द्रों में ऋण पुस्तिका लाने की आवश्यकता नहीं होगी।

#### कोचिया और बिचौलियों पर रहेगी सख्त निगरानी

धान उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मंडी अधिकारियों द्वारा कोचिया और बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यदि कोई कोचिया या बिचौलिया पंजीकृत किसानों के नाम पर धान खपाने का प्रयास करता पाया जाता है,तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संबंधित वाहन और धान जब्त किए जाएंगे, तथा आवश्यकतानुसार कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।



# चीफ जस्टिस ने किया अनुभागों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ न्यायिक अधिकारियों से की चर्चा, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर दिया बल

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा शुक्रवार को रायगढ़ पहुंचे। उनके आगमन पर जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन, न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी तथा एसपी दिव्यांग पटेल ने भी मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत करते हुए न्यायालयीन कार्यों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधिपति ने जिला न्यायालय के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन किया तथा न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक में लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने, पुराने मामलों के शीघ्र निराकरण और न्याय वितरण प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी अधिकारीगण समर्पित भाव से कार्य करें। मुख्य न्यायाधिपति ने न्यायालयीन भवनों के रख रखाव और स्वच्छता व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित न्यायालयीन वातावरण से न केवल कार्यकुशलता बढ़ती है, बल्कि न्याय पाने आने वाले नागरिकों में भी विश्वास सुदृढ़ होता है। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ रायगढ़ की ओर से मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत किया गया।

# अमलीपाली प्रायमरी स्कूल जर्जर दूसरे के घर में बच्चों की पढ़ाई

**कटेली।** बरमकेला के ग्राम पंचायत नावापारा के आश्रित ग्राम अमलीपाली के डीपापारा प्रायमरी स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। छत से पानी टपकता है दीवारों में दरारें पड़ गई हैं और प्लास्टर टुकड़ों में गिर रहा है। बरसात के दिनों में बच्चों को कक्षाओं में बैठाना खतरे से खाली नहीं है।

प्रधान पाठक देवेंद्र कुमार नायक ने बताया कि स्कूल में 17 छात्र अध्ययनरत हैं। भवन की जर्जर स्थिति के चलते गांव के ही राजकुमार भोय के घर में फिलहाल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण को लेकर विभागीय अधिकारियों को कई बार आवेदन दिया गया, पर अब तक स्वीकृति नहीं मिली। ग्रामीणों और पालकों के सहयोग से बच्चों की

■ प्रधान पाठक लगा चुके हैं कई बार अर्जी, नहीं मिला नया भवन



पढ़ाई किसी तरह जारी है। गांव के लोगों ने निःशुल्क मकान उपलब्ध कराकर शिक्षा का सिलसिला जारी रखा है, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। प्रबंध समिति के अध्यक्ष भागीरथी भोय ने बताया कि पूर्व में समिति की बैठक में भवन की स्थिति पर चर्चा कर नया भवन स्वीकृत कराने का प्रस्ताव पंजी में पास कर विभाग को भेजा गया थाए लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में बरमकेला बीईओ ने बताया कि स्कूल भवन से संबंधित जानकारी और पत्र प्राप्त हुआ है। उच्च अधिकारी को भेज दिया है। जैसे ही भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त होगी निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

#### ग्रामीणों की मांग बच्चों को चाहिए सुरक्षित भवन

ग्रामीणों, पालकों और शिक्षकों ने शासन-प्रशासन से निवेदन किया है कि अमलीपाली प्राथमिक शाला के लिए नवीन भवन शीघ्र स्वीकृत कर निर्माण कार्य आरंभ किया जाए ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में शिक्षा मिल सके।

### रजिस्ट्री पर रोक, राजस्व मंत्री से हटाने की मांग

**कटेली।** बलोदाबाजार से सारंगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित होने के बाद से 30 गांव में जिसमे सारंगढ़ मुख्यालय के भी सम्पूर्ण खसरे की रजिस्ट्री व समस्त ऑनलाइन सुधार कार्य पर भी रोक लगा दिया गया है। जिससे कृषकों के साथ क्षेत्र के सारे नागरिकों को परेशानी हो रही है, क्योंकि किसी को कई आवश्यक कार्यो हेतु रजिस्ट्री करवाना है किसी का पुराना डायवर्सन आदेश है पर जमीन अभी भी कृषि में दिखा रहा है उन्हे होम लोन लेना है इन नागरिकों को भी अभी भरी परशानियो का सामना करना पड़ रहा है। जिसके संबंध में कई भाजपा नेताओं ने भी शहरी क्षेत्र के इस रोक को अनावश्यक बताते हुए इसे तत्काल हटवाने की मांग जिला प्रभारी मंत्री से करने की बात कही जिसमे जिला महामंत्री रिंकु तिवारी इत्यादि प्रमुख हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक थवाईत सचिव किशोर मनहर उपाध्यक्ष गौतम बंजारे इत्यादि ने प्रभारी मंत्री को रोक हटाने की मांग की।

# मेडिकल कॉलेज की बदहाल व्यवस्था : चमकदार इमारत के भीतर खोखली स्वास्थ्य सेवा

**सुंदरगढ़।** 417.77 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सुंदरगढ़ मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल आज अपनी अव्यवस्था और स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। यह संस्थाएं जिसे प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया था, अब राज्य की चिकित्सा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति उजागर कर रही है। सबसे गंभीर स्थिति रेडियोलॉजी विभाग की है जहाँ पूरे विभाग का कार्यभार केवल एक सहायक प्रोफेसर संभाल रहे हैं।

डॉक्टर मेडिकल छात्रों को पढ़ाते हैं, एक्स रे करते हैं और सप्ताह में केवल एक दिन एमआरआई की सुविधा प्रदान करते हैं। इस कारण गंभीर मरीजों को समय पर जांच नहीं मिल पा रही है और उन्हें संबलपुर, बुरला या राउरकेला तक जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ और मानसिक



■ रेडियोलॉजी विभाग में केवल एक डॉक्टर संभाल रहे तीन जिम्मेदारियां

परेशानी दोनों बढ़ रही हैं। अस्पताल प्रशासन ने इस समस्या को लेकर कई बार सरकार और विभागीय सचिव को पत्र लिखा, परंतु नई नियुक्ति अब तक नहीं हो पाई है। अधीक्षक डॉ. निर्मल कुमार साहाणी ने भी स्वीकार किया कि एकमात्र डॉक्टर के कंधे पर तीन जिम्मेदारियाँ हैं और एमआरआई सेवा के लिए लंबे समय से अतिरिक्त स्टाफ की मांग की जा रही है। रेडियोलॉजी ही नहीं बल्कि अन्य विभागों की स्थिति भी निराशाजनक है। 20 स्वीकृत विभागों में से केवल 10 ही चालू हैं वह भी पूर्ण रूप से कार्यरत नहीं। 500 बिस्तरों वाले इस विशाल अस्पताल में अब तक आईसीयू और ट्रॉमा केयर यूनिट चालू नहीं हो सके हैं। हाल ही में केवल 5 वेंटिलेटर लगाए गए हैं, जबकि गंभीर मरीजों को अभी भी रेफर करना पड़ता है। जनवरी 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करते हुए इसे ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के मरीजों के लिए वरदान बताया था। दो वर्ष बाद भी यह अस्पताल सुविधाओं के अभाव में जूझ रहा है बाहर से भव्य और भीतर से बेहाल, यह सुंदरगढ़ मेडिकल कॉलेज प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर पेश कर रहा है।

# महापौर ने की वार्डों में हो रहे निर्माण कार्यों की जांच

**रायगढ़।** वार्ड क्रमांक 41 और 35 में निर्माणाधीन सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों में लापरवाही की शिकायत मिलने पर महापौर जीवर्धन चौहान ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर निगम के विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ एमआईसी सदस्य मुक्तिनाथ बबुआ, अमित शर्मा, वार्ड 31 की पार्षद तिर्निशा चौहान, मंडल अध्यक्ष शैलेश माली, विजय चौहान, एई अशोक सिंह एवं सब इंजीनियर दिलीप कुमार उपस्थित रहे। महापौर चौहान ने ठेकेदारों को स्पष्ट करते हुए कहा कि श्कार्य में लापरवाही सहित निर्माण के लिए आवश्यक एवं निर्धारित माप दंडों का उल्लंघन किए जाने पर विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। विदित हो कि वार्ड नंबर 41 के तुरकुमुड़ा क्षेत्र में सीसी सड़क निर्माण की शिकायत नागरिकों ने सीधे महापौर से की थी। इस पर उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता जांची। कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर महापौर ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। यह कार्य आरएच कंस्ट्रक्शन, लोचन नगर द्वारा किया जा रहा है।

# अभा अघरिया समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

**तमनार।** अखिल भारतीय अघरिया समाज तमनार की ओर से अघरिया सदन में 23 अक्टूबर को यादलाल नायक की अध्यक्षता में 2025 में 10 वीं के 90 प्रतिशत से अधिक अंक वाले प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को अभिनंदन पत्र स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही 2024-25 नव विवाहित जोड़ों को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम ईष्टदेव कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना कन्हैया जय अघरिया जयघोष के साथ अतिथियों, प्रतिभाशाली बच्चों एवं उनके माता पिता को पुष्पहार से स्वागत किया गया। अध्यक्ष श्री नायक ने कहा कि हमारे समाज में सभी क्षेत्र के प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है। अघरिया समाज तमनार के अध्ययन, कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच व कर्तव्यनिष्ठ उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया है। साथ ही 10 वीं 12 व में 90फीसदी से अधिक अंक पाने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया है, जिससे समाज के अन्य बच्चे भी प्रेरणा लेकर उत्साहित हो। राष्ट्रीय महासचिव बिहारी लाल पटेल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार चौधरी, बंशीधर चौधरी, किंकर चौधरी,



हेमलाल पटेल, योगेश कुमार नायक, तीर्थानंद पटेल व अन्य ने बच्चों को प्रोत्साहित करते कहाकि अपने रुचि के क्षेत्र में अनुशासित समय का सदुपयोग लक्ष्य निर्धारण कर कठिन परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है। आनन्दपूर्वक अपने लक्ष्य को पाने तल्लीन रहना चाहिए। सम्मानित होने वाले बच्चों में कु. प्रेक्षा नायक युगेश कुमार नायक, कु. अनुराधा पटेल, दिनेश कुमार पटेल, कु. जान्हवी पटेल, नीलाम्बर पटेल, कु. सिंधुलता पटेल, खीरसागर पटेल, महलोई, सागर पटेल, भीम पटेल, हितेंद्र पटेल, सुरेन्द्र पटेल, पुनीत पटेल, हेमानन्द पटेल, हेमा पटेल, कु. तनुजा नायक, प्रेम प्रकाश नायक, कु. श्रुति पटेल, मदन लाल पटेल, कु. टिकेश्वरी नायक, धरम राज नायक को सम्मानित किया गया।

# किसानों को दी गई आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत महोत्सव के अंतर्गत बिलाईगढ़ कृषि विभाग द्वारा ग्राम परसापाली स्कूल प्रांगण में किसान गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल चक्र, तिलहन खेती एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किसानों को फसल विविधिकरण अपनाने तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बल मिल सके। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष जयशंकर साहू, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनवानी, जनपद सदस्य जयशंकर नाग, भारतीय किसान संघ महासचिव डोल कुमार जायसवाल, सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पीके घृतलहरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राम गुलाल साहू, शेखर सुमन सिंह रात्रे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, प्रकाश कुमार थवाईत बीटीएम सहित समस्त कृषि विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। इसके साथ ही ग्राम परसापाली व गारडीह के सरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में कृषकगण भी मौजूद रहे।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

# बेस ऑयल के अवैध भंडारण की होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि बारिश का सीजन समाप्त हो गया है। जिले में चल रहे सभी विकास एवं निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र गति प्रदान करते हुए उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों की नियमित निगरानी और गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करें, ताकि समय सीमा के भीतर परिणाम दिखाई दें। कलेक्टर ने जिले में बेस ऑयल की बिक्री पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बेस ऑयल के अवैध भंडारण और विक्रय पर सख्त निगरानी रखी जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक



के दौरान विभागवार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार से लापरवाही एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जनदर्शन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

#### राज्योत्सव तैयारी की समीक्षा

कलेक्टर ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 से 4 नवम्बर तक जिला मुख्यालय के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को रजत जयंती वर्ष पर आयोजित होने वाली राज्योत्सव की सम्पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगाए जाने वाले विभागीय स्टॉल की तैयारी की भी जानकारी ली और सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्वों को बेहतर निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, रवि राही सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।




